दिनांक 12.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

## 'आयुक्त सुंदरानी के पत्र का दिखने लगा असर गीले कचरे से खाद बनाने के लिए होटल प्रतिष्ठानों के द्वारा की जा रही है तैयारी'

**भिलाई नगर/** बता दें कि आयुक्त एस.के. सुंदरानी द्वारा कुछ दिन पहले ही होटल, प्रतिष्ठान आदि को उनके प्रतिष्ठान से निकलने वाले अपशिष्ट खाद्य पदार्थ एवं गीला कचरा से प्रतिष्ठान में ही खाद बनाने हेतु पत्र जारी किया गया था। रंजीत होटल, पावर हाउस रेलवे स्टेशन के पास सेड क्रमांक 3 के मालिक रंजीत मिश्रा जब अपने होटल नवीनीकरण के लिए निगम कार्यालय में पहुंचे तब उन्हें आयुक्त सुंदरानी द्वारा होटल प्रतिष्ठानों में गीले कचरे से खाद बनाने का पत्र दिया गया और बताया गया कि यदि आपके होटल में गीले कचरे से खाद नहीं बन रहा है तो नवीनीकरण नहीं किया जाएगा पहले आप नियमों का पालन करें। इस पर रंजीत मिश्रा ने होटल से निकलने वाली बची हुई खाद्य सामग्री से खाद बनाने के लिए मशीन खरीदी है तथा इसी मशीन से रंजीत मिश्रा द्वारा खाद तैयार किया जा रहा है।

होटल संचालक रंजीत मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग को बताया कि आयुक्त के पत्र प्राप्त होने के बाद खाद बनाने की मशीन खरीद ली है और बचे हुए खाद्य पदार्थ एवं गीले कचरे से खाद तैयार किया जा रहा है तब स्वास्थ्य विभाग ने निरीक्षण कर व दस्तावेज के आधार पर होटल नवीनीकरण का पत्र होटल संचालक रंजीत मिश्रा को प्रदान किया।

आयुक्त सुंदरानी का कथन है कि खाद बनाने के बहुत सारे तरीके हैं किसी भी विधि से खाद तैयार किया जा सकता है जिसके लिए सभी स्वतंत्र परंतु कचरे का सही तरीके से निपटान करना आवश्यक है।

जनसम्पर्क विभाग